हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

राम आएंगे भजन में झूमे श्रोता, भव्य आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी पर शहर के विभिन्न जगहों में भव्य आतिशबाजी के बीच अहंकारी रावण के प्रतिकात्मक पुतले का दहन किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध गायकों द्वारा गीत, संगीत और राम भजनों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

शहर में दशहरे का पर्व घमंडी और अहंकारी रावण के पुतला वध के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी में लोगों की निगाहें टिकी रही। छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 61 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान मशहूर भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे फेम स्वस्ति मेहुल जैन ने अपने गीतों की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में मुंबई की एआई जनरेटेड कंप्यूटर तकनीक पर आधारित आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रही। दशहरा उत्सव के इस आयोजन में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। शहर के कमला कॉलेज मैदान में राजा दिग्विजयदास दशहरा उत्सव समिति द्वारा कटक की आतिशबाजी के बीच अंहकारी रावण के पुतले का दहन किया गया। यहां भजन गायकों ने भगवान राम के भजन प्रस्तुत किया। जिसमें श्रोता झूमने लगे।

शहर में आधा दर्जन स्थानों में मना दशहरा पर्व, 31 फीट से लेकर 61 फीट तक के रावण पुतले का दहन

कौमी एकता समिति का आयोजन

शहर के गौरीनगर में कौमी एकता समिति द्वारा 31 फीट ऊंचे अहंकारी रावण के पुतले का दहन किया गया। यहां धमतरी से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक आतिशबाजी की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही शहर के लखोली में युवा संगठन द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन आकर्षक आतिशबाजी के बीच किया गया। इस महोत्सव में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। आयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई ।





कंतारा का दृश्य रहा आकर्षण

र शहर के स्टेट स्कूल मैदान में राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। यहां एआई तकनीक से आकर्षक आतिशबाजी की नयनाभिराम छंटा आसमान पर दिखाई दी। आयोजन में कंतारा फिल्म के अंतिम दृश्य को कलाकारों ने बहुत ही खूबसूरत तरीके से प्रस्तुत किया, जो आयोजन में विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं इस आयोजन में महाकाल की नगरी उज्जैन से पहुंचे भजन गायक दिव्यांश पांडिया ने समां बांधा।

खबर संक्षेप

निरंकारी संत समागम का आयोजन 23 से

राजनांदगांव। 79वां वार्षिक



निरंकारी संत समागम 23 से 26 अक्टूबर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में आयोजित होने जा रहा है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने कहा कि समागम की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रही हैं। सुचारू संचालन, सहज आवागमन और श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे परिसर को चार प्रमुख क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु सहजता के साथ समागम में भाग ले सकें।

माए एंगल



तीर्थयात्रियों की सुविधा में होगा इजाफा, प्रसाद योजना के तहत काम

48 करोड़ रुपए की लागत से संवर रही मां बम्लेश्वरी की नगरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की सुप्रसिद्ध और पावन धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी देवी के धाम को भव्य और आधुनिक स्वरूप प्रदान करने का कार्य पूर्णता की ओर पहुंच चुका है। केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा संचालित तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान यानी प्रसाद योजना के अंतर्गत माई की नगरी का चौमुखी विकास अब अंतिम स्तर पर पहुंच गया है। लगभग 48 करोड़ रुपए की लागत से संवारी जा रही माई की नगरी की न केवल भव्यता में इजाफा हुआ है, बल्कि दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की सुविधा में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिली है।

उल्लेखनीय है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पहले 43.3307 करोड़ रुपए की कुल लागत से स्वीकृति दी गई थी, जिसे बाद में 13 दिसंबर 2023 को संशोधित करते बढ़ाकर 48.4383 करोड़ रुपए कर दिया गया। इस व्यापक बजट के साथ डोंगरगढ़ को एक प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

इस पूरी परियोजना की औपचारिक शुरूआत 21 अक्टूबर 2020 को स्वीकृति मिलने के बाद 2 मार्च 2021 को भूमिपूजन के साथ हुई थी। निर्माण एजेंसी टीसीआईएल के मार्गदर्शन में संचालित इस परियोजना का लक्ष्य जनवरी 2024 तक सभी कार्यों को पूर्ण करना तय किया गया था। परियोजना के विभिन्न चरणों के दौरान केंद्र सरकार से 40.1895 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। जबकि अब तक कुल 41.7039 करोड़ रुपए का व्यय विकास कार्यों पर किया जा चुका है। आंकड़ों के अनुसार परियोजना का 100 प्रतिशत भौतिक कार्य पूरा किया जा चुका है। जबकि वित्तीय प्रगति लगभग 84.92 प्रतिशत दर्ज की गई है।



कई चुनौतियों के बीच पूरा हुआ काम

इस भव्य स्वरूप को साकार करने की राह आसान नहीं रही और निर्माण अवधि के दौरान कई गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। परियोजना के शुरूआती दौर में कोविड-19 महामारी के कारण काम काफी समय तक प्रभावित रहा। इसके अलावा जमीन से जुड़े स्थानीय विवादों, राजस्व अधिकारियों द्वारा दोबारा सीमांकन और भूमि समतलीकरण की अतिरिक्त जरूरतों के चलते निर्माण योजनाओं में संशोधन करना पड़ा। हालांकि काम पूर्णता की ओर बढ़ते ही अब माई की नगरी पहले से कहीं अधिक भव्य, सुसज्जित और अलौकिक नजर आ रही है।

कराए गए यह सब कार्य

मां बम्लेश्वरी पहाड़ी में सीढ़ियों का जीर्णोद्धार, सीढ़ियों में शेड, रेलिंग, पेयजल, शौचालय, प्रकाशीकरण तथा पहाड़ी के नीचे तालाब का सौंदर्यीकरण, शॉप्स, पार्किंग एवं संपूर्ण क्षेत्र में साइनेज का कार्य कराया गया है। प्रज्ञागिरि परिसर में ध्यान केन्द्र, कैफेटेरिया, पार्किंग, सीढ़ियों का जीर्णोद्धार, सोलर प्रकाशीकरण, पेयजल का कार्य कराया गया है। श्रद्धालुओं के लिए 9.5 एकड़ में एक पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। जिसका आकार श्रीयंत्र के जैसा है। इसमें ध्यान केन्द्र, विश्राम कक्ष, प्रसाद कक्ष, सांस्कृतिक मंच, क्लॉक रूम, सत्संग कक्ष, पेयजल, शौचालय, लैंडस्केपिंग, सोलर प्रकाशीकरण, पार्किंग एवं प्रवेश द्वारा सहित अन्य निर्माण कार्य किए गए हैं।

तीन हिस्सों में बांटकर किया काम

विकास योजना के तहत पूरे क्षेत्र को तीन प्रमुख हिस्सों में बांटकर संवारा गया है। इसमें मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर परिसर के विकास के लिए 728.84 लाख रुपए की संशोधित राशि स्वीकृत की गई थी। जिसके तहत मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की सुविधा और सौंदर्यीकरण का काम तेजी से किया गया। इसके साथ ही बौद्ध आस्था के केंद्र प्रज्ञागिरि के विकास के लिए 554.59 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया। परियोजना का सबसे बड़ा और प्रमुख आकर्षण पिलग्रिम फेसिलिटेशन सेंटर यानी तीर्थयात्री सुविधा केंद्र है। जिसके लिए 3329.74 लाख रुपए की भारी-भरकम राशि मंजूर की गई थी। इस विशाल सुविधा केंद्र के माध्यम से डोंगरगढ़ आने वाले हजारों तीर्थयात्रियों को एक ही छत के नीचे विश्राम, मार्गदर्शन, सुगम आवागमन और बुनियादी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

सरकारी स्कूल में चोरी तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय स्कूल में चोरी के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा। जिनसे चोरी की सामग्री बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना मोहगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम अजानकपुर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में चोरी की घटना के मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे एवं निशानदेही से चोरी की गई सामग्री तथा घटना से संबंधित अन्य सामान बरामद किया गया है। बरामद सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 2,50,000 है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 1 अक्टूबर को ग्राम अजानकपुर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में चोरी की घटना सामने आई थी। स्कूल परिसर का निरीक्षण करने पर विभिन्न कमरों में रखे शैक्षणिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, बर्तन एवं अन्य उपयोगी सामान गायब पाए गए। इस संबंध में थाना मोहगांव में धारा 331(4), 305(3) भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक प्रकरण की विवेचना के दौरान संदेहियों की पहचान कर 20 अक्टूबर को कार्रवाई करते आरोपी रोनक कुमार उर्फ शिव 19 वर्ष, लोचन पटेल उर्फ बाउज 23 वर्ष, अरुण गोसाई 22 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे एवं निशानदेही से प्रकरण से संबंधित चोरी की सामग्री बरामद की गई।

जुआ के दो मामले में 8 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

धरपकड़ अभियान के तहत जुआ खेलने के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आठ आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ जुआरियों द्वारा ग्राम भुरभुसी दुर्गा मंच के पास 52 पत्ती ताश पर हार-जीत का रुपयों-पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। रेड कार्रवाई में आरोपी लेखराम साहू 30 साल, दिलहरण साहू 35 साल, राजेन्द्र साहू 41 साल व भागीराम साहू 73 साल के कब्जे से 52 पत्ती ताश, , फड व पास से नगदी रकम 1480 रुपए जब्त कर धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसी तरह कुछ जुआरियों द्वारा ग्राम भुरभुसी स्कूल पास खेल रहे थे, जहां रेड कार्रवाई में आरोपी कुमार साहू 46 साल, सीताराम खण्डवे 36 साल, सुरेश टंडन 34 साल व फालेपिन्द्र चतुर्वेदी 40 साल 52 पत्ती ताश से रुपयों-पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए। जिनके कब्जे एवं फड से नगदी रकम 1740 रुपए, 52 पत्ती ताश एवं एक प्लास्टिक बोरी को जब्त कर जुआरियों के विरूद्ध धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई किया गया।

विजयादमशी पर पुलिस लाइन में शस्त्रों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुराई पर अच्छाई की विजय और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी के अवसर पर शहर के पुलिस लाइन में शास्त्र पूजन किया गया। शस्त्र पूजन में जिले की एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी और पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना की गई।

अपनी वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वाह करते आज विजयादशमी के अवसर पर शहर के पुलिस लाइन स्थित रक्षित केन्द्र में शस्त्रों की पूजा की गई। यहां पुलिस ने अपने सभी प्रकार के हथियारों को रखकर बुराई के खात्मे और लोगों की सुरक्षा की शक्ति देने शक्ति की देवी मां दुर्गा से कामना की। इस दौरान बुराई रूपी रावण के खात्मे का संकल्प लिया गया।

शस्त्र पूजा के अवसर पर देश-प्रदेश व लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले शस्त्रों की पूजा के माध्यम से सुरक्षाबलों ने देश में शांति और भाईचारे की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

शस्त्रों की पूजा का विशेष महत्व

दशहरा पर्व पर शस्त्रों की पूजा का विशेष महत्व है। इन शस्त्रों के माध्यम से ही प्रदेश में नक्सल रूपी रावण खत्म हुआ है। इस अवसर पर हवन यज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने आहुति डाली। वहीं प्रसादी वितरण किया गया। शस्त्र पूजा के दौरान एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी कीर्तन राठौर, डीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, केशरीनंदन नायक सहित अन्य अधिकारियों ने बंदूक चलाकर हर्ष फायर कर पूजा की परंपरा का निर्वहन किया और वाहनों की पूजा की।

घर का ताला तोड़कर नगदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगदी रकम एवं कागजात की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंगदई स्थित एक घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर में रखे आलमारी के अंदर से बैग में रखे कागजात एवं नगदी रकम 50,000 रुपए को गत दिवस चोरी कर लिया। घर के लोग रायपुर गए हुए थे। वापस आने पर चोरी की वारदात का पता चला, तब इसकी रिपोर्ट बसंतपुर थाना में दर्ज कराई है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी द्वारा दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस मामले में जांच की जा रही है।

पुलिस अधिकारी बनकर साइबर ठगी, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



सोशल मीडिया में महिला सुपरवाईजर की शासकीय नौकरी का विज्ञापन देख प्रार्थियां ने विज्ञापन वेबसाईड पर आवेदन किया। इस प्रक्रिया के तहत अज्ञात आरोपी ने व्हाटसअप काल कर स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर नगदी रकम की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गोटाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्रामीण प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोशल मीडिया में महिला सुपरवाईजर की शासकीय नौकरी का विज्ञापन देख उसके वेबसाईट पर नौकरी के लिए जानकारी भरी गई। आधार कार्ड का नंबर डालते ही वेबसाईट बंद हो गया, फिर वेवसाईट नहीं खुला। 14 अक्टूबर को सुबह के समय प्रार्थिया के मोबाइल नंबर पर किसी अनजान मोबाइल नंबर से व्हाटसअप पर वाईस काल आया और वह बोला कि तुम ऑनलाइन पार्सल आर्डर किए हो बोलकर पैसे की मांग करने लगा। प्रार्थिया द्वारा बोला गया कि वह कोई पार्सल नहीं मंगवाई है, तब अज्ञात व्यक्ति व्हाटसअप काल में बोला कि वह सीबीआई अधिकारी बोल रहा है पार्सल के पैसे नहीं दोगे तो तुम्हे जेल भेज देंगे और 10 लाख का जुर्माना लगेगा बोलकर डराने-धमकाने लगा। जिससे डरकर 14 से 17 अक्टूबर के मध्य 78000 रुपए दे चुकी है। इस साइबर ठगी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

मां के जयकारों से गूंजा शहर, शिवनाथ नदी तट मोहारा में उमड़े श्रद्धालु

बाजे-गाजे, गुलाल-अबीर के साथ हुआ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्नता की ओर बढ़ा। महाअष्टमी पर हवन-पूजन के पश्चात जहां विभिन्न देवी मंदिरों और पूजा स्थलों में स्थापित ज्योति-जंवारा का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जन किया गया। वहीं पूजा पंडालों में विराजित देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भी बाजे-गाजे, गुलाल-अबीर और माता के जयकारों के बीच देर रात तक चलता रहा। विसर्जन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु मां दुर्गा को भावभीनी विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर आने की कामना करते नजर आए।

नवरात्र के नौ दिनों तक शहर के विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में मां दुर्गा की आराधना का क्रम चलता रहा। इस दौरान सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती, जसगीत और धार्मिक आयोजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महाअष्टमी और नवमी के अवसर पर अनेक स्थानों पर हवन-पूजन, कन्या भोज तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इसके पश्चात विसर्जन की तैयारियां शुरू हुई और श्रद्धालु पारंपरिक उत्साह के साथ जंवारा तथा देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए लेकर निकले।





शिवनाथ नदी तट पर मूर्ति विसर्जन

शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए शिवनाथ नदी तट मोहारा ले जाया गया। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। बाजे-गाजे की धुन, ढोल-नगाड़ों और माता के जयकारों के बीच भक्त प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन स्थल पहुंचे। गुलाल-अबीर उड़ाते श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को विदाई दी। देर रात तक प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम जारी रहा। नौ दिनों तक मां की आराधना में लीन रहे भक्तों के चेहरों पर जहां पर्व संपन्न होने की संतुष्टि थी। वहीं माता की विदाई का भावुक क्षण भी दिखाई दिया।

बूढ़ासागर में भक्तों की भीड

इधर ज्योति-जंवारा विसर्जन के लिए बूढ़ासागर स्थित मां शीतला मंदिर परिसर में भी श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी उपस्थिति रही। सुबह से लेकर देर शाम तक जंवारा विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। महिलाएं और पुरूष पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जंवारा लेकर पहुंचे तथा पूजा-अर्चना कर विसर्जन किया। इस दौरान माता सेवा गीतों और जसगीतों की गूंज सुनाई देती रही।

सुख-समृद्धि की कामना

नवरात्र पर्व के समापन के साथ ही शहर में धार्मिक आयोजनों की चहल-पहल धीरे-धीरे समाप्त होने लगी। नौ दिनों तक मंदिरों और पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने पर्व के प्रति लोगों की गहरी आस्था को प्रदर्शित किया। भक्तों ने मां दुर्गा से परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना करते अगले वर्ष फिर से आगमन की प्रार्थना की।

खबर संक्षेप



रामलीला का रंगारंग मंचन

डोंगरगढ़। ग्राम शिवपुरी में धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया। ग्राम में नवमी को पिछले 24 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला में गांव के पुरुषोत्तम सोरी, दिलेश्वर निषाद, चमन साहू, अश्वन, गौतम, शशांक, दीपक, पवन कंवर, शिवा नेताम, हनीं सिंह, दुलेश चंद्रवंशी एवं धनराज साहू ने विभिन्न किरदार निभाया। आयोजन में बनवाली ठाकुर, खिलेश देवदास, रामगोपाल पटेल, अवधेश गंधर्व, जैन देवदास, रितेश रजक, दीपक कंवर, अविनाश यादव, उतरा सेन, युवराज साहू ने सहयोग दिया।

कबड्डी स्पर्धा नवंबर में

खुज्जी। ग्राम पतोरा में आगामी 11 से 13 नवंबर तक तीन दिवसीय सांसद संतोष पाण्डेय ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता के साथ तीन दिवसीय मेला और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर गत दिनों बैठक आयोजित की गई जिसमे आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्था और कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कबड्डी प्रतियोगिता, खेल मैदान की व्यवस्था, आदि पर विचार किया गया। बैठक में कैलाश शर्मा, दीनदयाल साहू, दिग्विजय मिश्रा, फेमसिंह शेंडे, अर्जुन ठाकुर, पुरुषोत्तम रावटे, धरम ओटी, मनसीराम आदि उपस्थित थे।

कुकुरमुडा में दशहरा उत्सव 22 को

सड़क अतरिया। कुकुरमुडा में ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 22 अक्टूबर को दशहरा पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। मुख्य मार्ग के चौक पर आतिशबाजी के साथ रावण पुतला का दहन होगा। लोगों के मनोरंजन के लिए खजरी घुमका का राऊत नाचा बारामसी कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

आवश्यकता है
हरिभूमि
समाचार पत्र को डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत नागतराई, अछोली, करवारी एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्र में अखबार के वितरण हेतु हाकर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें.
हरिभूमि कार्यालय
जयस्तंभ चौक, डोंगरगढ़
मो. 9300963883

आवश्यकता है
हरिभूमि
समाचार पत्र को, खैरागढ़ क्षेत्र में अखबार वितरण हेतु हाकर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें.
हरिभूमि कार्यालय
यात्री प्रतीक्षालय, बस स्टैण्ड, खैरागढ़
मो. 9329610524







आराधना के बाद लोगों ने दी माता को विदाई

अर्जुनी। स्थानीय बस स्टैंड में जनसहयोग समिति ने क्वांर नवरात्र के मौके पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किया था। नौ दिनों तक आयोजकों और श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट किया। हवन पूजन के बाद मां सरस्वती की प्रतिमा को शोभायात्रा निकालकर विसर्जित किया गया। शोभायात्रा में कुंवारी माता सहित आसपास गांवों के बड़ी संख्या में महिला पुरूष शामिल हुए।

नवरात्र के दौरान हुए विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन, लोगों में दिखा उत्साह

जसगीतों के साथ ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी के दरबार में सप्तमी अभिषेक के साथ अष्टमी हवन की शुरूवात हुई। बाहर से आए आचार्य युवराज महाराज एवं राजकुमार के मार्गदर्शन में अन्य पंडितों ने उपर मंदिर में सप्तसती पाठ की समाप्ति के साथ हवन की शुरूवात की । सप्तमी को देर रात काल रात्रि अभिषेक हुआ। एक घंटा चले अभिषेक के बाद माता की पूजा आरती के साथ नए स्वरूप का दर्शन हजारों लोगों ने किया। प्रातः 9 बजे से अष्टमी हवन की शुरूवात हुई। अंतिम आहुति के बाद दोपहर 12 बजे हवन की समाप्ति की गई।

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने माता के दरबार पहुंच कर विधिविधान से पुजा अर्चना



किया। यहां पहुंचे श्री अग्रवाल का भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, हरविंदर सिंग मंगे, चंद्रप्रकाश मिश्रा, शहर भाजपा अध्यक्ष सौमित्र सोनी, नपाध्यक्ष रमन डोंगरे, विनय बंसल, प्रिंस कक्कड़, विक्की भाटिया, कन्हैया अग्रवाल, पप्पु नामदेव, विजेन्द्र ठाकुर, अंकुर अग्रवाल सहित अन्य ने स्वागत किया।

भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री सरोज पांडे ने यहां



पहुंचकर बम्लेश्वरी माता के दर्शन किया। बम्लेश्वरी ट्रस्ट के प्रकाश्श बिंदल, हरविंदर सिंग मंगे, प्रिंस कक्कड ने सौजन्य भेंट कर स्वागत किया।

विधायक ने किया पूजा अर्चना



क्वांर नवरात्रि की अष्टमी को ग्राम पंचायत बघेरा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मां शीतला मंदिर एवं दुर्गा पंडाल पहुंचकर पूजा अर्चना की। ग्राम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, सरपंच ऐश्वर्या हरीश देशमुख, मीनाक्षी धुर्वे, हरीश देशमुख, हेमचंद यदु, बंटी साहू, दुर्जन देवांगन सहित अन्य मौजूद थे। क्वांर नवरात्रि के पावन मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने अपने निवास स्थान पर पूजन कर कन्या भोज आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने देवी स्वरूप कन्याओं का तिलक-वंदन किया।



कन्या भोज का आयोजन

शारदीय नवरात्रि के मौके पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने अपने निवास पर कन्या भोज का आयोजन किया। इस दौरान



उन्होंने परिजनों के साथ नन्हीं कन्याओं को भोजन कराया।

बम्लेश्वरी के दरबार में पहुंचे चंद्राकर

विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर अपने साथियों के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मां बम्लेश्वरी के दरबार में मत्था टेककर पूजा-अर्चना की।

गरबा में झूमी महिलाएं

कच्छ गुर्जर समाज द्वारा आयोजित रास गरबा कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल



सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर विधायक ने गरबा नृत्य में भी सहभागिता की और उपस्थित लोगों के साथ सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लिया। समाज की महिलाओं ने गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस



कमेटी के अध्यक्ष हरीश भंडारी, संध्या देशपांडे, किरण मेश्राम सहित अन्य महिलाएँ उपस्थित थी। शक्ति वाहिनी ने स्थानीय महावीर मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां दुर्गा की आरती की गई। शहर की महिलाओं और युवतियों ने गरबा उत्सव का भरपूर आनंद लिया और देर रात तक देवी भजनों और गरबा की धुन पर गरबा किया। मुख्य अतिथि शहर मंडल के अध्यक्ष सौमित्र सोनी, विशेष अतिथि शहर भाजपा महामंत्री विनय बंसल थे। इस मौके पर पार्षद रेखा राघोर्ते, डॉ राजेश राघोर्ते, बबिता मालागार ने बेस्ट गरबा क्वीन, बेस्ट जोड़ी, बेस्ट ग्रुप एवं बेस्ट ड्रेस अप का पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में ज्योति बड़वाईक, पूनम ठाकुर, सुनीता यादव, संजू अग्रवाल, कीर्ति बड़े,

रास गरबा में जमकर झूमे नगर के लोग



छुईखदान। नगर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर दशहरा मैदान में तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। दशहरा उत्सव समिति एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में गरबा प्रेमियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। तीन दिनों तक मैदान में भक्ति, संगीत और पारंपरिक गरबा नृत्य की धूम रही।

नवरात्रि के दौरान आयोजित इस महोत्सव ने नगरवासियों के बीच अपनी खास पहचान बनाई। पूरा आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। युवाओं सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने गरबा नृत्य का आनंद लिया। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सहभागिता से जुड़े इस आयोजन ने नगर में उत्सव का माहौल बना दिया।

गरबा में झूमी महिलाएं

सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं, माता बहनों ने गरबा नृत्य कर कार्यक्रम का आकर्षण बढ़ा दिया। आयोजन के लिए अनुराग सोनी, अनिमेष महोबिया, निलेश गुप्ता, शैव्या वैष्णव, प्रयास जैन एवं सहयोगियों का अंत में आभार व्यक्त किया गया।

हाई मास्ट लाइट लगाने की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान दशहरा मैदान में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए से राजा गिरिराज किशोर दास ने सांसद के सामने मैदान में हाई मास्ट लाईट लगाने की मांग की। सांसद संतोष पांडे ने तुरंत हाई मास्ट लाइट लगाने की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रेम नारायण चंद्राकर, खम्मन ताम्रकर, राजलक्ष्मी पंसारी, संजय महोबिया, विक्रांत चंद्राकर, किरण वैष्णव, किरण गुप्ता, महेश नारकर, दीपकसिंह, संतोष कामड़े, सज्जाक खान सहित अन्य शामिल हुए। आयोजन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास ने प्रतिभागियों से मिलकर हौसला अफजाई किया।

नौ दिनों तक हुई पूजा

कलकसा। नवरात्र के दौरान ग्राम मुसरा कला में मां दुर्गा की भक्ति और ग्राम एकता का संगम देखने को मिलस। ग्राम में 40 वर्षों से अधिक समय से ग्रामीणों द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कर मां दुर्गा की स्थापना किया जा रहा है। यहां नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया जाता है।आयोजन समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, सचिव बलीराम बंजारे, कोषाध्यक्ष कमल नारायण साहू एवं ग्राम पटेल हेमसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में रामलीला का मंचन किया जाता है। गत दिनों विधायक दलेश्वर साहू ने अपनी धर्मपत्नी जयश्री साहू, पुत्र रजत साहू एवं पुत्रवधु श्रेया साहू के साथ ग्राम पहुंचकर माताराणी का दर्शन किया।



निकली भव्य विसर्जन यात्रा

घुमका। नगर के वार्ड 5 देवरीडीह स्थित पुरातन शीतला मंदिर में नवरात्र के मौके पर 306 ज्योति कलश की स्थापना की गई थी। मंगलवार को जस गीत के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। इस मौके पर विसर्जन स्थल पर तीन लाख की लागत से बनने वाले शेड का नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा, पार्षद उषा वर्मा, रामचंद्र वर्मा, कुमारनाथ बघेल, दुर्गेश द्विवेदी, राजेश तिवारी, पुसऊ वर्मा, नारायण वर्मा, हिंसा वर्मा की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। उन्होंने तालाब में पांच लाख की लागत से पचरी निर्माण की घोषणा की। ज्योति कलश विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। विसर्जन के उपरांत तेजकुमार ठाकुर के नेतृत्व में रामसेना ने भंडारा का आयोजन किया।

स्वदेशी व आत्मनिर्भरता के लिए किया प्रेरित



जालबांधा। स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देना तथा युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित करना था। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा उद्यमिता के विभिन्न अवसरों के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को आर्थिक प्रगति में स्थानीय उद्यमों, लघु एवं कुटीर उद्योगों तथा स्वदेशी उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, राजेन्द्र वर्मा, विजय यादव सहित अन्य शामिल हुए। अंत में प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया।

आदित्य वाहिनी सेना ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक पर्व विजयदशमी के अवसर पर ग्राम पंचायत पत्थर्रा में प्रेरणादायी और धार्मिक आयोजनों की श्रंखला देखने को मिली। गोवर्धन मठ पुरी पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज के मार्गदर्शन में संचालित भारत राष्ट्र उत्कर्ष अभियान एवं संकल्प के तहत आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी सेना और ग्रामवासियों ने विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। पर्व के इस मौके पर गांव में कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठान संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और मधुर सीताराम कीर्तन के साथ हुई। इसके बाद सनातन संस्कृति की परंपराओं का निर्वहन करते हुए विधिवत शास्त्र पूजन किया गया। गांव में सनातन धर्म की विजय व गौरव के प्रतीकस्वरूप सनातन ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में धर्म, राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच नीलकंठ साहू, अशोक साहू, जुगनू साहू, डलेशवार साहू, अर्जुन, मनु ठाकुर, लकी साहू, तामेश्वर साहू, खिलेंद्र साहू, प्रतीक साहू, सोनू साहू, शौर्य, तुलेश, नारायण साहू, चंद्रावत साहू, इतवारी, अखिलेश, सोम साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

विजयादशमी को किया गया शस्त्र पूजन

स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी के अवसर पर अंबागढ़ चौकी में संघ का स्थापना दिवस, पारंपरिक शस्त्र पूजन और पथ संचलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि अहिरवार समाज के बीरबल खरे तथा खंडेलवाल समाज के ईश्वरचंद खण्डेलवाल थे। मुख्य वक्ता के रूप में विभाग संपर्क प्रमुख प्रशांत सोनी ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संघ की परंपरा अनुसार विधिवत शस्त्र पूजन और ध्वजारोहण के साथ हुआ। उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रशांत सोनी ने संघ की पृष्ठभूमि, राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका और समाज को संगठित रखने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि, आज की पीढ़ी संस्कार से कम इंस्टाग्राम से ज्यादा चल रही है जो समाज के लिए घातक है। उन्होंने सामाजिक समरसता, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के संकल्प को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि बीरबल खरे ने भी समाज में एकता और बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ करने पर बल दिया उन्होंने कहा कि आज समाज को सम्मान की आवश्यकता है।

कदमताल करते निकले स्वयंसेवक

बौद्धिक कार्यक्रम के पश्चात संघ का अनुशासित पथ संचलन कृषि उपज मंडी प्रांगण से प्रारंभ हुआ। पूर्ण गणवेश में सुसज्जित स्वयंसेवक कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों के अनुशासन ने नगरवासियों का मन मोह लिया। पथ संचलन नगर के विभिन्न मुख्य चौराहों और मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः मंडी प्रांगण पहुंचा, जहां विधिवत प्रार्थना के साथ इसका विसर्जन हुआ। पथ संचलन का नगरवासियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। आयोजन में सह विभाग संघचालक उम्मेद देवांगन, जिला संघचालक चिंताराम नायक, सह जिला संघ चालक मनहरन पिथौरा, खंड संघचालक सर्वेश्वर ठाकुर, नगर संघचालक सतीश खण्डेलवाल, जिला कार्यवाह अनुज तुलावी, विजय वैष्णव, तुलसी वर्मा, विजय ठाकुर सहित अन्य शामिल हुए।



सार समाचार

संजीव 26 को आकाशवाणी में करेंगे कविता का पाठ

राजनांदगांव। सुप्रसिद्ध साहित्यकार, कवि एवं लेखक संजीव सिंघल आगामी 26 अक्टूबर को आकाशवाणी रायपुर पर स्वरचित कविताओं का पाठ करेंगे। यह प्रसारण सुबह 8 बजे किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि संजीव सिंघल सुप्रसिद्ध समाजसेवी हैं एवं विगत 40 वर्षों से आकाशवाणी भोपाल एवं रायपुर से उनकी कविताओं व व्यंग्य रचनाओं का नियमित प्रसारण होता रहा है। दूरदर्शन रायपुर के साहित्य जगत कार्यक्रम में उनसे लिया गया साक्षात्कार भी प्रसारित हुआ है। साथ ही रायपुर दूरदर्शन पर कई कार्यक्रमों में उनकी कविताएं प्रसारित हुई है।

एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित

राजनांदगांव। दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं इन्क्यूबेशन सेल के समन्वयक डॉ. संजय ठिसके के



निर्देशन में इन्क्यूबेशन सेल एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत "सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज" की भावना के अनुरूप विषय पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के मुक्तिबोध सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज, कृषि, पर्यावरण एवं स्थानीय स्तर की समस्याओं की पहचान कर उनके लिए नवाचारी, उपयोगी एवं उद्यमिता आधारित समाधान विकसित करने प्रेरित करना था। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं, नवाचार और उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर एसके उके एवं प्रज्ञा मिश्रा सहित समस्त प्राध्यापकगण व प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

राजपूत समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा डोंगरगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक समाज भवन में गरिमामय माहौल में आयोजित की गई। बैठक में



समाज की मजबूती, कुरीतियों को दूर करने और युवा व महिला वर्ग को सामाजिक गतिविधियों में आगे लाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का नेतृत्व समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष शिवेंद्रदीप सिंह, अध्यक्षा राधा देवी बैस, वरिष्ठ ग्रामीण अध्यक्ष रामकुमार सिंह, महिला ग्रामीण अध्यक्ष दुर्गा देवी सिंह, जिला अध्यक्ष (महिला) शीला सिंह गहरवार समेत गणमान्य सदस्यों में रमाकांत ठाकुर, महेंद्र सिंह परिहार, प्रभुदयाल चौहान, योद्धा सिंह राठौर, डॉ. आलोक कलचूरी, दशरथ सिंह ठाकुर, परमेश्वर सिंह, एचपी सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में समाज के वरिष्ठजनों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात अध्यक्ष शिवेंद्रदीप सिंह एवं महिला जिला अध्यक्ष शीला सिंह गहरवार ने समाज को एकजुट करने और सामाजिक आयोजनों को सुचारू रूप से चलाने पर अपने विचार रखे। बैठक में समाज के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करना, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण स्तर पर महिला मोर्चा को और अधिक सक्रिय करना, आगामी सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर सहमति बनी। अंत में सदस्यों ने समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

हमें जो भी अच्छा मिलता है वह पुण्य का प्रताप है

राजनांदगांव। हमें जो कुछ भी अच्छा मिलता है वह सब पुण्य का प्रताप है। हमें पुण्य से ही ज्ञान,आनंद और बहुमान मिलता है। किसी व्यक्ति को



देखकर मन में जो सम्मान के भाव पैदा होते हैं, वही बहुमान है। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य समयप्रभ सागर ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री समयप्रभ सागर ने फरमाया कि अच्छा खाना-पीना एवं आराम की जिंदगी जीना, जानना यह सब पुण्य से प्राप्त होते हैं। ज्ञान भी पुण्य से प्राप्त होता है, आनंद भी पुण्य से प्राप्त होता है। सत्संग से पुण्य मिलता है और पुण्य से हमें मोक्ष मिलता है। मुनिश्री समयप्रभ ने कहा कि हमारा एकमात्र लक्ष्य मोक्ष होना चाहिए। हमारे कार्यों की कोई गलतियां निकलता है, तभी तो हमें सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि व्यवहारिक बनो और व्यवहार को निभाओ। गलतियों को सुधारो और कोशिश करो कि गलतियों की पुनरावृति ना हो। उन्होंने कहा कि कबजकैसे पापों का उदय हो जाए किसी को पता नहीं चलता। अहंकार हमें अंधकार की ओर ले जाता है और हमारी सोच समझ को खत्म कर देता है।

निधन



अर्चित अग्रवाल

राजनांदगांव। जीवन सूर्या कॉलोनी निवासी राजेंद्र अग्रवाल के सुपुत्र अर्चित अग्रवाल (34 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद 18 अक्टूबर की रात्रि 1.30 बजे निधन हो गया। सोमवार को उनके निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई, जो लखोली मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक बंधुओं, इष्ट-मित्रों एवं पारिवारिक रिश्तेदारों ने शामिल होकर दिवंगत अर्चित अग्रवाल को नम आंखों से अंतिम विदाई दी तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सड़क पर बैठे मवेशियों से वाहन चालकों में दहशत, विभाग बेखबर

मवेशियों का डेरा, बढ़ रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्षेत्र से गुजरने वाले हाईवे पर इन दिनों आवारा मवेशियों का जमावड़ा वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क के बीचो-बीच और किनारे बड़ी संख्या में मवेशियों के बैठे रहने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों को नजर नहीं आते।

स्थानीय लोगों के अनुसार हाईवे पर आए दिन मवेशियों के कारण वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है। तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक मवेशी आ जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार दोपहिया वाहन चालक मवेशियों से टकराकर घायल भी हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि हाईवे के आसपास रहने वाले लोग अपने मवेशियों को खुले में छोड़ देते हैं। जिसके चलते वे दिनभर सड़क पर घूमते और रात में हाईवे पर ही डेरा जमा लेते हैं। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ ही राहगीरों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से हाईवे से मवेशियों को हटाने, पशु मालिकों पर कार्रवाई करने तथा सड़क किनारे सुरक्षित व्यवस्था बनाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। शहर के भीतरी मार्गों का भी हाल बुरा है।

नंदई, लखोली, गंज लाइन, चिखली, बसंतपुर रोड सहित अन्य सड़कों पर मवेशियों का राज है। निगम का अमला पंद्रह-महीने दिन में कुछ मवेशियों को पकड़कर महज खानापूर्ति कर रहा है। निगम प्रशासन के इस रवैये से शहरवासियों में नाराजगी देखी जा रही है।



शहर से लेकर गांव तक हादसों में वृद्धि

हाइवे के साथ ही गांव और शहर की सड़कों पर लावारिस मवेशियों का कब्जा है। जगह- जगह सड़कों पर बड़ी संख्या में मवेशियों की वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मवेशियों के कारण आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं घट रही है। रात के समय दुपहिया चालक दुर्घटना का ज्यादा शिकार हो रहे हैं। कलेक्टर ने बीते दिनों सड़कों से लावारिस मवेशियों को हटाने और सुगम यातायात के लिए दिशा-निर्देश जारी किया था। इसके बावजूद सड़कों पर आवारा मवेशियों पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है।

कई गायों की दुर्घटना में मौत

सड़क में जगह-जगह मवेशियों का डेरा रहता है। झुंड में मवेशी हाईवे पर बैठे रहते हैं। जिसके कारण रात के समय अंधेरे में वाहन चालकों को दिखाई नहीं पड़ते और कई हादसे हो रहे हैं। अंजोरा से लेकर बागनदी के बीच बीते महीनों में कई हादसे हुए हैं। जिसमें बड़ी संख्या में मवेशियों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हुई है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग सड़क पर लावारिश घूम रहे मवेशियों को हटाने का कोई प्रयास नहीं कर रहा है। इसी वजह से लगातार सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना



राजनांदगांव। शारदीय नवरात्रि पर्व पर मां दंतेश्वरी पावन धाम घुपसाल (कू) में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान के साथ मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति तथा चहुंमुखी विकास के लिए प्रार्थना की। इस आयोजन में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित नागरिक, पदाधिकारी और ग्रामीणजन शामिल हुए। इस अवसर पर मां दंतेश्वरी मंदिर के अध्यक्ष चमारराय साहू, रविन्द्र वैष्णव, सुरेन्द्र कुमार दुबे, हालाडुला सरपंच कोमल सिन्हा, घुपसाल ग्राम विकास समिति अध्यक्ष केशव भारती साहू, घुपसाल के ग्राम पटेल द्वारिकाराम नायक, घुपसाल की पंच रूपेश ठाकुर एवं भटाबाई और ग्राम विकास समिति के सचिव पुनलाल रांडेकर उपस्थित रहे।

दो हजार की खरीदी पर चमकी किस्मत लकी ड्रॉ से मिली हीरो मोटर साइकिल

बिजनेश प्लस

राजनांदगांव। स्थानीय बाजार से खरीदारी को बढ़ावा देने वाली फायदा मैक्स योजना के 17वें वीकली लकी ड्रॉ में चिचोला निवासी पवन सिन्हा ने हीरो एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल जीतकर अपनी किस्मत चमका ली। पवन सिन्हा ने राजनांदगांव के सदर बाजार स्थित रूपम कटपीस से महज 2 हजार रुपए में पैंट और शर्ट का कपड़ा खरीदा था। इस छोटी-सी खरीदारी पर मिले फायदा मैक्स लकी ड्रॉ कूपन ने उन्हें नई मोटर साइकिल विजेता बना दिया।

खरीदी के लिए प्रोत्साहन

फायदा मैक्स का उद्देश्य स्थानीय व्यापार को मजबूत बनाना और ग्राहकों को अपने शहर की दुकानों से खरीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। इस पहल के माध्यम से ग्राहकों को खरीदारी पर कूपन और विभिन्न लकी ड्रॉ में आकर्षक ईनाम जीतने के अवसर मिलते हैं।

खरीदी फायदे का सौदा

मोटर साइकिल वितरण समारोह में चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर फायदा मैक्स से जुड़े अनेक व्यापारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने विजेता को बधाई दी। फायदा मैक्स के माध्यम से खरीदारी पर अतिरिक्त फायदे और शानदार ईनाम जीतने के मौके लोगों को

स्थानीय बाजार से खरीदी की अपील

मोटर साइकिल जीतने पर पवन सिन्हा की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा कि मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि सिर्फ 2 हजार रुपए की खरीदारी पर मोटर साइकिल जैसा बड़ा ईनाम मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि फायदा मैक्स ने उनकी खरीदारी को यादगार बना दिया। विजेता पवन सिन्हा ने फायदा मैक्स और इससे जुड़े सभी व्यापारी प्रतिष्ठानों का आभार व्यक्त करते लोगों से स्थानीय बाजार में खरीदारी करने अपील की।

स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र के पुणे में 27 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाली यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भिलाई में आयोजित प्रशिक्षण शिविर उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लक्ष्य के साथ कड़ा अभ्यास किया और अपनी खेल क्षमता को निखारा।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता, खेल तकनीक, रणनीति और टीम समन्वय पर विशेष ध्यान दिया गया। अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अपनी कमजोरियों को दूर करने तथा खेल के विभिन्न पहलुओं में सुधार के लिए मेहनत की।



छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने का लक्ष्य

भिलाई के राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शारीरिक, तकनीकी और मानसिक रूप से तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ। शिविर के दौरान मिले अभ्यास और मार्गदर्शन से खिलाड़ियों को अपने कौशल को बेहतर बनाने तथा टीम के रूप में तालमेल मजबूत करने का अवसर मिला। टीम यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और जुझारूपन का प्रदर्शन करने तैयार है। खेलप्रेमियों को उम्मीद है कि प्रदेश के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाएंगे।

नाम करेंगे रोशन

शिविर के समापन अवसर पर बास्केटबॉल से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और खेलप्रेमी उपस्थित रहे। इस दौरान बास्केटबॉल संघ के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने छत्तीसगढ़ की टीम के प्रदर्शन को लेकर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की टीम में शामिल खिलाड़ी प्रतिभाशाली हैं और बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली दिव्या रंगारी की मौजूदगी भी टीम के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन के दम पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

अनुशासन, अभ्यास और टीम भावना सफलता की कुंजी

समापन समारोह में अतिथियों ने खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने नियमित अभ्यास, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना बेहद जरूरी हैं। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ मैदान में उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और प्रदेश का गौरव बढ़ाने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राजीव जैन, नरेश डाकलिया, नरेंद्र बंछोर, धीरज गोयल, परविंदर सिंह ग्रेवाल, साजी थॉमस, नमिताब जैन, योगेश कुमार, शशिकांत पांडेय एवं पंकज पांडेय सहित अन्य खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

निर्माण कार्यों में मापदंडों का पालन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिले में संचालित सड़क निर्माण एवं संधारण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने अधीक्षण अभियंता पी. मोहन राव सोनी द्वारा 15 अक्टूबर 2026 को विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया गया।



उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई। अधीक्षण अभियंता ने निर्माण कार्यों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने तथा सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों के डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि के तहत किए जा रहे संधारण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संधारण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते निर्धारित अवधि में आवश्यक मरम्मत एवं संधारण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मार्ग में काली मिट्टी क्षेत्र को ध्यान में रखते निर्माण संबंधी आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित करने तथा सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में रविवार को सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आपदा प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी एके सिंह द्वारा आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस एवं अग्निशमन विभाग की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। व्याख्यान के दौरान आगजनी, सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं, भवनों में आग लगने की स्थिति, प्राथमिक बचाव एवं राहत कार्य, सुरक्षित निकासी, भीड़ प्रबंधन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



राहत बचाव में समन्वय आवश्यक

जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा बताया गया कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराहट से बचते हुए उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग, घटनास्थल की सुरक्षा, लोगों की सुरक्षित निकासी तथा संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। पुलिस बल आपदा के दौरान घटनास्थल को सुरक्षित रखने, यातायात एवं भीड़ नियंत्रण तथा राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सुरक्षित बचाव के गुर

प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन उपकरणों के प्राथमिक उपयोग, आग की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों तथा आपातकालीन स्थिति में स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते बचाव कार्य करने के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान फायर स्टेशन प्रभारी ईमाम बेग सहित अग्निशमन विभाग के कर्मचारी फायरमैन पुमेश कुमार, तरुण कुमार साहू एवं पीटीएस के लगभग 48 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

48वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता

दुर्ग ने खिताब पर किया कब्जा, राजनांदगांव उपविजेता

- रोमांचक मुकाबलों में सभी टीमों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हैंडबॉल संघ जिला राजनांदगांव के तत्वावधान में 48वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन 17 एवं 18 अक्टूबर को कृष्णा पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में किया गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 12 जिलों की टीमों के लगभग 144 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 17 अक्टूबर को आयोजित किया गया।



समारोह में मुख्य अतिथि आनंद त्रिपाठी उपाध्यक्ष कृष्णा एजुकेशन सोसाइटी एवं कृष्णा ग्रुप ऑफ एजुकेशन, आरएस पाण्डेय एकेडमी डायरेक्टर कृष्णा ग्रुप ऑफ एजुकेशन, धनंजय सिंह प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर कृष्णा पब्लिक स्कूल, प्रिंस मिश्रा सचिव हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, शुभम पींचा डायरेक्टर कृष्णा पब्लिक स्कूल सहित शैलेष दीक्षित एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की ओर से श्रेष्ठा तिवारी एवं शैलेष दीक्षित विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं खेल भावना के महत्व पर प्रकाश डाला और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कृष्णा पब्लिक स्कूल प्रबंधन द्वारा अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। दो दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों में सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतिम परिणामों में दुर्ग जिले की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। राजनांदगांव जिले की टीम उपविजेता रही। जबकि रायपुर जिले की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण

प्रतियोगिता का समापन समारोह 18 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस अवसर पर रजत पींचा डायरेक्टर कृष्णा पब्लिक स्कूल, प्रिंस मिश्रा सचिव, हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, शैलेष दीक्षित, अखिलेश मिश्रा, जयप्रकाश, अनीश मिश्रा, तुषार मिश्रा सहित विभिन्न जिलों के हैंडबॉल संघों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता दुर्ग, उपविजेता राजनांदगांव एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रायपुर की टीम को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समारोह में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



खबर संक्षेप

डोमसरा स्कूल में गरबा महोत्सव की धूम, मां दुर्गा के नौ रूपों की झांकी ने मोहा मन

पंडरिया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोमसरा में बच्चों को भारतीय



संस्कृति से परिचित कराने और उनमें उत्साह का संचार करने के उद्देश्य से मां दुर्गा के नौ रूपों की आकर्षक झांकी एवं गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मां दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों को धारण कर सबका मन मोह लिया। बच्चों की वेशभूषा, अभिनय और भाव-भंगिमा को देखकर उपस्थित पालक और ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गए तथा इसकी सराहना की। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दुर्गा के नौ रूप व गरबा-डांडिया रहा, डांडिया महोत्सव में लगभग 70 से 100 बच्चों ने एक साथ भाग लिया। ढोल-नगाड़ों और गरबा गीतों की धुन पर बच्चों ने जमकर डांडिया खेला। तीन दिनों की लगातार मेहनत और अभ्यास के बाद बच्चों ने यह शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को तैयार करने वाली शिक्षिका गिरिजा पटेल ने इस संबंध में बताया कि मात्र 3 दिनों के अभ्यास में ही बच्चों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी है। यह देखकर हम सभी शिक्षक गौरवान्वित हैं। बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया कि इससे बच्चे संस्कृति व धार्मिक रीति रिवाजों से परिचित होंगे।

जोत-ज्वारा विसर्जन में शामिल हुए श्रद्धालु गण



बरबसपुर। जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इन दिनों नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिरों एवं माता देवालय तथा कुछ पूजा पंडालों में जोत-ज्वारा स्थापित किए गए हैं, जो हवन-यज्ञ के पश्चात जोत-ज्वारा का विसर्जन जस गीतों के माध्यम से तथा शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण कर किया गया। इस जोत-ज्वारा विसर्जन के अवसर पर तालाब में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यह नजारा ग्राम दौजरी, सिंघनपुरी व आसपास क्षेत्रों में विसर्जन का सिलसिला चला।

पिपरिया में महाअष्टमी पर कराया कन्या भोज

पिपिरया। नगर पंचायत में मां संस्कार दुर्गा उत्सव समिति गुप्तापारा



पिपरिया द्वारा महाअष्टमी पर विधि विधान से पूजन-हवन पश्चात महाआरती किया गया साथ ही साथ कन्या भोज कराया गया, तत्पाश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस महाअष्टमी पर्व में सैकड़ो की संख्या में भक्तजनों ने प्रकाश ग्रहण किया। शारदीय नवरात्रि में नौ दिनों तक देवी मां की आराधना, पूजन, भक्ति-भाव जसगीत का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

दशहरा उत्सव कार्यक्रम में नीलू चंद्रवंशी हुए शामिल

कवर्धा। ग्राम बाजार चारभाठा में ग्राम पंचायत सरपंच एवं समस्त



ग्रामवासी के निमंत्रण पर पंडरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी नीलू चंद्रवंशी ने दशहरा उत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दशहरा उत्सव कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों के साथ नीलू चंद्रवंशी एवं पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, सरपंच शिवम कुम्भकार एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता ने रावण दहन करने वाले रामलीला समिति सहित श्रीराम लक्ष्मण एवं पूरा समिति के साथ रावण दहन मैदान में पहुंचकर भगवान श्री राम का पूजा-अर्चना कर श्रीराम-लीला संवाद प्रारंभ होकर रावण दहन किया गया। रावण दशहरा उत्सव कार्यक्रम में ठाठापुर ब्लॉक के जिला प्रभारी सतीश सिंह गहरवार, विनय वैष्णव, दिलीप साहू, हिम्लेश निर्मलकर, टीकम शर्मा, जीतू जायसवाल, गिरधर कौशिक, रामावतार सेन, सुरेश कौशिक, महेश वैष्णव, ओम कौशिक, राजेंद्र मारकंडे, दुर्गेश कुम्भकार, गजानंद निषाद, भागवत कुम्भकार, गोपाल कौशिक, पिंटू कौशिक, रामावतार कौशिक, संदीप कौशिक, संजय कौशिक, हेमराज कौशिक, अरुण कुम्भकार एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता की उपस्थिति में दशहरा उत्सव संपन्न हुआ।

क्षेत्र में 171 जोत-ज्वारा कलश का किया गया विसर्जन

कोलेगांव विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में मंगलवार को मां



महामाया शीतला मंदिर में प्रज्जवलित 171 मनोकामना ज्योति कलशों का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान माता रानी के जयकारों, जसगीतों और देवी सेवा गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। नवरात्र पर्व के समापन अवसर पर मां महामाया शीतला मंदिर से श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जवारा विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा मंदिर से ब्राह्मण पारा होते हुए जवारा तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ ज्योति कलशों और जवारा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर शैलेंद्र शर्मा, दिनेश पाण्डेय, मनीष निषाद, दिलीप चौहान, शत्रुहन गिरी गोस्वामी, कुमार साहू, भुक्कू साहू, महासिंह चौहान, रामावतार साहू, कन्हैया साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थें।

दर्शन: कवर्धा की ऐतिहासिक खप्पर यात्रा में माता काली के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

डिप्टी सीएम ने महाष्टमी में किए मां दंतेश्वरी, परमेश्वरी व मां चंडी के दर्शन

- दूर-दराज से पहुंचे युवाओं से की मुलाकात, माता सेवा में शामिल होकर साझा की भक्ति की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवरात्रि की महाअष्टमी पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा नगर स्थित प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर एवं मां चंडी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कवर्धा की ऐतिहासिक धार्मिक परंपरा के अंतर्गत रात्रि में निकलने वाली माता काली की खप्पर यात्रा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान वे श्रद्धालुओं के साथ माता सेवा में शामिल हुए और जसगीत गाकर मां भगवती की आराधना की।

बताया जाता है कि महाअष्टमी की रात्रि में खप्पर निकालने की परंपरा सौ वर्षों से भी अधिक पुरानी मानी जाती है। मां दंतेश्वरी, मां चंडी और मां परमेश्वरी मंदिरों से जुड़ी यह अनूठी परंपरा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता काली के स्वरूप में खप्पर धारण कर नगर भ्रमण की यह परंपरा नगर की सुख-शांति, सुरक्षा और लोक कल्याण की कामना के साथ निभाई जाती है। माता के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस विशेष अनुष्ठान के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने खप्पर वाली माता के श्रद्धापूर्वक दर्शन किए और इस प्राचीन परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने कवर्धा सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से दर्शन के लिए पहुंचे युवाओं और श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात की। माता सेवा में शामिल होकर उन्होंने सभी के साथ जसगीत गाए। भक्ति गीतों और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। उन्होंने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उनका हालचाल जाना।





प्राचीन धार्मिक परंपराओं और लोक आस्था की अनमोल धरोहर खप्पर यात्रा

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कवर्धा की खप्पर यात्रा हमारी प्राचीन धार्मिक परंपराओं और लोक आस्था की अनमोल धरोहर है। पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी लोगों को अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत से जोड़े हुए है। उन्होंने कहा कि महाअष्टमी के पावन अवसर पर माता के दर्शन और श्रद्धालुओं के साथ सेवा एवं आराधना में शामिल होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने मां भगवती से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

किसानों की धान फसल परिपक्व, घुमंतू मवेशी धान की फसल को पहुंचा रहे हैं भारी नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 3 से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम जोराताल, नेवारी और सिंघनपुरी नेशनल हाईवे सड़क पर स्थित हैं, जहां के किसानों ने नेशनल मार्ग के किनारे धान की पैदावार बड़ी संख्या में की है। अब वर्तमान में किसानों के खेतों में धान की फसल परिपक्व हो रही है, बालियां निकल आई हैं, जिसे सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर मवेशी शाम ढलते ही चट कर रहे हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

बताया जाता है कि सिंघनपुरी के ग्रामीण 24 घंटे मवेशियों की रखवाली कर रहे हैं, इसके बाद भी सैकड़ों की संख्या में मवेशी पहुंच रहे हैं, जिससे किसान मवेशियों से छुटकारा नहीं पा रहे हैं। सुबह और शाम ढलते ही जोराताल और सिंघनपुरी के सड़क किनारे सैकड़ों मवेशियों को खदेड़ते हुए देखा जा सकता है। यह नजारा जोराताल पेट्रोल टंकी के आसपास देखा जा सकता है।

सुबह और शाम ढलते ही नेशनल मार्ग पर सैकड़ों मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। इस मार्ग पर 24 घंटे तेज रफ्तार से दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहन चलते हैं, जिससे हादसा-दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। ऐसी स्थिति सड़क दुर्घटना का संकेत देती है।

सरकार से की मुआवजा की मांग

ग्राम जोराताल, नेवारी और सिंघनपुरी के किसान अर्जुन बंजारे, शिव कुमार बंजारे और सालिक राम धुर्वे का कहना है कि परिपक्व हो रही किसानों की फसलों को मवेशी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसकी सरकार जांच-मूल्यांकन कर क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा दे, ताकि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

प्रतापपुर-भगतपुर-निगापुर सड़क का हुआ कायाकल्प



- लोक निर्माण विभाग की पहल से सड़क की बदली तस्वीर, ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर-भगतपुर-निगापुर मार्ग पर डब्ल्यूबीएम कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिससे ग्रामीणों में आवागमन सुगम हुआ है। इस मार्ग की स्थिति पहले खराब थी। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ होने के कारण ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था।

विशेषकर बारिश के दौरान इस मार्ग से गुजरना चुनौतीपूर्ण हो जाता था। जिस पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश पर ग्रामीणों की आवागमन संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के पुनर्निर्माण की स्वीकृति के बाद मार्ग को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया गया। वर्तमान में मार्ग पर डब्ल्यूबीएम कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिससे आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम हुआ है।

सड़क की स्थिति में आए इस बदलाव से स्थानीय ग्रामीणों, दोपहिया वाहन चालकों और अन्य राहगीरों को राहत मिली है।

बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों के दैनिक आवागमन में सुविधा होगी तथा क्षेत्र की संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह कार्य क्षेत्र में बेहतर सड़क संपर्क और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

पिपरिया में दशहरा पर्व की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया में दशहरा पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया, दशहरा पर्व असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई व अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी के पावन पर्व पर सर्वप्रथम नगर के बड़े मंदिर से बाजे-गाजे आतिशबाजी के साथ भगवान श्रीराम-लक्ष्मण एवं भक्त हनुमानजी की शोभा यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए रावण दहन स्थल बड़े बाजार पहुंची।

वही रास्ते में श्रद्धालुओ द्वारा भगवान की पूजा-अर्चना की गई एवं जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्ति-भाव में डूब गया साथ में अखाड़ो के लोगो द्वारा शस्त्रपूजन के साथ शस्त्र-चालन का शौर्य प्रदर्शन किया गया। नगर मेंद शहरा पर्व की परम्परा बहुत प्राचीन है, बताया जाता है कि रजवाड़े के समय से चली आ रही परम्परा आज भी बनी हुई है, शाम लगभग 06 बजे भगवान श्रीराम द्वारा आग्नेय शस्त्र चलाकर 25 फूट का रावण वध किया गया।

पुराणों के अनुसार आज ही के दिन मां दुर्गा ने नव दिन के भयंकर युद्ध के पश्चात दसवें दिन महिषासुर राक्षस का वध किया था। पूरा वातावरण भक्ति-भाव में डूबकर जय श्रीराम का जयकारे लगाए, दशहरा पर्व में



समीवृक्ष की पूजन की भी परम्परा का निर्वाह करते हुए सबने विजयादशमी पर्व पर शुभकामनाएं दिए।

देखरेख के अभाव, यात्री प्रतीक्षालय बदहाल हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के कवर्धा-राजनांदगांव बाइपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय देखरेख के अभाव में स्थिति ठीक नहीं है। यहां यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए बोर्ड खराब हो चुके हैं, वहीं बैठने के लिए लगी सीटें भी टूटी हुई हैं। ऐसे में बस का इंतजार करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

27वें स्थापना दिवस पर आस्था समिति का मंथन, सामाजिक बदलाव पर जोर

कवर्धा। आस्था समिति के 27वें स्थापना दिवस पर मंथन थीम पर आयोजित किया गया, संस्था प्रमुख दौलत राम कश्यप ने संस्था के कार्य के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया गया, कार्यशाला में शिक्षा, आर्थिक सशक्तीकरण, राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक एकजुटता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न समाजों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने समाज को पिछड़ेपन से निकालकर प्रगतिशीलता की दिशा में आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यशाला में सतनामी समाज के प्रमुख रामप्रसाद मिरी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मृत्यु भोज जैसी सामाजिक परंपराओं में बदलाव के लिए टकराव के बजाय संवाद और पीड़ित परिवारों को सहयोग देने की बात कही। वहीं सर्व यादव समाज के प्रमुख ओम यदु ने शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एकता को विकास का आधार बताया। कार्यक्रम में डॉ ऋचा मिश्रा, नरेंद्र कुलमित्र, सहायक प्राध्यापक असित कुमार मिश्रा, रमेश देवांगन, नरेंद्र देवांगन एवं इतवारी मछिया ने अपने विचार रखे। कार्यशाला में यह संदेश दिया गया कि शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, सामाजिक सहयोग और राजनीतिक भागीदारी ही सशक्त एवं प्रगतिशील समाज के निर्माण के प्रमुख आधार हैं। आस्था समिति की इस पहल का उद्देश्य विभिन्न समाजों को एक मंच पर लाकर सामाजिक बदलाव के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है। इस दौरान भुवन पटेल, राजेश गोयल, उमाशंकर कश्यप, महेश निर्मलकर, ललित सिन्हा, राकेश एवं संस्था के कार्यकर्त्ता गण उपस्थित थें।

दशहरा पर्व सत्य, धर्म तथा सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश

क्षेत्र में धूमधाम से मनाया विजयादशमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, धनेली, कुआंमालगी, मोहतरा कला, घोरपेंड्री, भगतपुर, पिपरमाटी, कुण्डा, दामापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विजयादशमी का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं और सत्य, धर्म तथा सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

विजयादशमी को दशहरा के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग में भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया था। इसी विजय की स्मृति में हर वर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को विजयादशमी का पर्व मनाया जाता है।

विजयादशमी का संबंध मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय से भी जुड़ा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां दुर्गा ने नौ दिनों तक चले युद्ध के बाद दसवें दिन महिषासुर का वध किया था। इसी कारण यह पर्व शक्ति, साहस और धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों में इसे अलग-अलग परंपराओं और रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है।





ग्राम चिल्फी में 22 अक्टूबर को भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

वनांचल क्षेत्र चिल्फी में दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्री वनांचल दुर्गोत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी दशहरा पर्व भव्य रूप से मनाया जाएगा।

समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाला चिल्फी का प्रसिद्ध दशहरा उत्सव 22 अक्टूबर, गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। उत्सव में आकर्षक झांकियों, भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की भव्य झांकी, रावण दहन और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। दशहरा उत्सव के दौरान मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा की सुप्रसिद्ध झांकियों का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। इन आकर्षक झांकियों के माध्यम से दर्शकों को मनोरम दृश्य देखने को मिलेंगे। वहीं भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जी की भव्य झांकी भी उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगी।

धार्मिक आस्था और उत्साह से परिपूर्ण इस आयोजन में क्षेत्र के लोगों को रामायण से जुड़े प्रसंगों की झलक देखने का अवसर मिलेगा।दशहरा पर्व पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण दहन किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

रावण दहन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम

रावण दहन के पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गायिका पूनम दिव्या तिवारी अपनी प्रस्तुति देंगी। उनके गीतों से सजी सांस्कृतिक संध्या उत्सव में चार चांद लगाएगी। धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का समावेश दशहरा उत्सव को और भी खास बनाएगा। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही आसपास के क्षेत्रों से आने वाले दर्शकों को मनोरंजन का अवसर मिलेगा।

वनांचल क्षेत्र में चिल्फी का दशहरा प्रसिद्ध



गौरतलब है कि चिल्फी का दशहरा उत्सव आसपास के वनांचल क्षेत्र के प्रमुख और प्रसिद्ध आयोजनों में गिना जाता है। यहां हर वर्ष दशहरा पर्व को लेकर लोगों में खास उत्साह देखने को मिलता है। धार्मिक आस्था, पारंपरिक उत्सव और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के चलते इस आयोजन से क्षेत्र के लोगों का विशेष जुड़ाव रहा है। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक इस उत्सव में शामिल होकर पर्व की खुशियां साझा करते हैं।

स्थापित की गई मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा

श्री वनांचल दुर्गोत्सव समिति द्वारा क्वांर नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई है। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पूजा-अर्चना और भक्ति के माहौल के बीच समिति द्वारा दशहरा उत्सव की तैयारियां भी की जा रही हैं। समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी पर्व को भव्य स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। 22 अक्टूबर को आयोजित होने वाला यह उत्सव धार्मिक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक रंगों का संगम बनेगा। चिल्फी सहित आसपास के वनांचल क्षेत्र के लोगों को इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार है।

दशहरा उत्सव: कवर्धा राजपरिवार के दशहरा उत्सव में उमड़ा जनसैलाब

शाही ठाठ-बाठ के साथ निकली राजा की सवारी, किया गया रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा में विजयादशमी का पर्व परंपरा, आस्था और राजसी वैभव के साथ धूमधाम से मनाया गया।

नगर में विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया, लेकिन वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार कवर्धा राजपरिवार का शाही दशहरा आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। मंगलवार को आयोजित इस ऐतिहासिक उत्सव में कवर्धा नगर सहित जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कवर्धा में राजपरिवार का दशहरा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की पुरातन परंपरा और जनआस्था से जुड़ा उत्सव है।

इस आयोजन में राजपरिवार के सदस्यों के साथ उनकी प्रजा भी सहभागी बनती है। बदलते समय के बावजूद शाही दशहरे के प्रति लोगों का उत्साह और आकर्षण बरकरार है। इस वर्ष भी राजसी ठाठ-बाठ के साथ निकली राजा की सवारी को देखने के लिए नगर की सड़कों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।



राम दरबार के साथ राजसी वेशभूषा में निकली राजा की सवारी

विजयादशमी के अवसर पर कवर्धा राजपरिवार की पारंपरिक सवारी शाही अंदाज में निकाली गई। सजे-धजे रथ में महाराजा योगेश्वर राज सिंह और युवराज मैकलेश्वर राज सिंह राजसी पोशाक धारण कर सवार हुए। रथ में विराजमान राजपुरोहित वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए आगे बढ़े। वहीं भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान का स्वरूप धारण किए तीन बालक एक अन्य रथ में सवार होकर शोभायात्रा का हिस्सा बने। बैंड-बाजे की धुन, आतिशबाजी की गूंज और मांदर की थाप के बीच राजा की सवारी धीरे-धीरे आगे बढ़ी। शाही जुलूस को देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ जुटी रही। पारंपरिक वेशभूषा, सुसज्जित रथ और धार्मिक वातावरण ने दशहरा उत्सव को विशिष्ट स्वरूप प्रदान किया। नगरवासियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने भी इस ऐतिहासिक परंपरा के साक्षी बनकर उत्सव का आनंद लिया।

कवर्धा नगर के सरदार पटेल मैदान में किया गया रावण दहन

राजपरिवार की सवारी नगर भ्रमण करते हुए सरदार पटेल मैदान पहुंची। यहां विजयादशमी के मुख्य कार्यक्रम के तहत भगवान श्रीराम और महाराजा योगेश्वर राज सिंह एवं युवराज मैकलेश्वर राज सिंह ने बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया। रावण दहन के साथ ही मैदान में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए और असत्य पर सत्य की विजय का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। विजयादशमी का यह प्रसंग लोगों को बुराई का त्याग कर सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। कवर्धा में राजपरिवार द्वारा निभाई जा रही परंपरा में धार्मिक आस्था के साथ क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत की झलक भी देखने को मिलती है। विजयादशमी के अवसर पर कवर्धा नगर में हजारों लोगों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

विजय जुलूस में राजा के साथ चली प्रजा

रावण दहन के बाद राजपरिवार का विजय जुलूस निकाला गया। शाही सवारी के पीछे हजारों की संख्या में ग्रामीण और नगरवासी शामिल हुए। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ा। इस दौरान लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। जगह-जगह लोगों ने जुलूस को देखा और विजयादशमी की खुशियां साझा कीं। विजय जुलूस के राजमहल पहुंचने के बाद पारंपरिक रूप से महाराजा का दरबार लगा। जिले के विभिन्न अंचलों से आए लोग अपने राजा को भेंट स्वरूप वस्तुएं अर्पित करने पहुंचे और उनसे आशीर्वाद लिया। यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है और आज भी लोगों की आस्था तथा राजपरिवार से उनके पारंपरिक जुड़ाव को दर्शाती है।

वर्षों पुरानी परंपरा के प्रति आज भी उत्साह

कवर्धा राजपरिवार का दशहरा उत्सव अपनी विशिष्ट परंपरा और राजसी स्वरूप के लिए जाना जाता है। समय के साथ सामाजिक परिवेश में बदलाव आया है, लेकिन इस आयोजन के प्रति राजपरिवार और क्षेत्र की जनता का उत्साह कम नहीं हुआ है। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोग शाही दशहरे में शामिल हुए। राजपरिवार की सवारी, राम-लक्ष्मण और हनुमान की झांकी, वैदिक मंत्रोच्चार, रावण दहन तथा विजय जुलूस ने पूरे आयोजन को यादगार बनाया। इस उत्सव ने एक बार फिर कवर्धा की सांस्कृतिक विरासत और जनआस्था की परंपरा को जीवंत किया। राजपरिवार के मुख्य कार्यक्रम के बाद जिले के ग्रामीण अंचलों से आए लोगों ने नगर में लगे मेले का आनंद लिया। लोगों ने विभिन्न दुकानों पर खरीदारी की और परिवार के साथ मेले में घूमकर दशहरा पर्व की खुशियां मनाईं।

फांसी लगा रहे युवक की डायल 112 की तत्परता से बची जान



- कवर्धा के भीमपुर (रानीसागर) गांव की घटन, दरवाजा तोड़कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा जिले में डायल 112 की टीम की तत्परता से फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश कर रहे एक युवक की जान बचा ली गई।

घटना कवर्धा थाना क्षेत्र के ग्राम भीमपुर रानीसागर की है, जहां पुलिस जवानों ने समय रहते मौके पर पहुंचकर युवक को सुरक्षित नीचे उतारा और एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम भीमपुर रानीसागर निवासी 30 वर्षीय संजीव कोसले ने किसी अज्ञात कारण से खुद को घर के एक कमरे में बंद कर लिया था। बताया जा रहा है कि युवक कमरे के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा था।

इसकी जानकारी होने पर परिजनों ने उसे समझाने और कमरे का दरवाजा खुलवाने का काफी प्रयास किया, लेकिन युवक ने दरवाजा नहीं खोला।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम

परिजनों के लगातार प्रयासों के बाद भी जब युवक ने दरवाजा नहीं खोला, तो उन्होंने तत्काल डायल 112 को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम बिना देर किए मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जवानों ने कमरे का दरवाजा खुलवाया और फांसी के फंदे पर लटक रहे युवक को सुरक्षित नीचे उतारा।

समय पर कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

डायल 112 की टीम की त्वरित कार्रवाई से युवक की जान बच गई। घटना के बाद युवक को आवश्यक प्राथमिक मदद दी गई। समय पर पुलिस को सूचना मिलने और जवानों की तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई। हालांकि, युवक द्वारा यह कदम उठाने के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है।

नवरात्रि पर उप मुख्यमंत्री ने पिपरिया के दुर्गा पण्डालों में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

नवरात्रि की अष्टमी के पावन अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के ग्राम पिपरिया में विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों के पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इस दौरान आस्था, भक्ति और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला।



उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा भी माता की भक्ति में सराबोर नजर आए। कहीं उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ मंजीरा बजाकर माता के जसगीत गाए, तो कहीं ग्रामीणों के साथ भजनों में शामिल होकर उत्सव की खुशियां साझा कीं और सभी के साथ भक्ति में झूमते दिखे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पिपरिया में बजरंग दल दुर्गा उत्सव समिति, मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति, सर्व दुर्गा उत्सव समिति, मां शीतला दुर्गा उत्सव समिति, मां संतोषी दुर्गा उत्सव समिति तथा लक्ष्मी चौक स्थित तिरंगा दुर्गा उत्सव समिति के पंडालों में पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर उन्होंने उत्सव समितियों के सदस्यों एवं ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की।

थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित, प्रेक्षा प्रथम



कुण्डा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर कुण्डा सहित पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का माहौल है। कुण्डा में विभिन्न 10 स्थानों पर समितियों द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा विराजित की गई है, वहीं कई स्थानों पर भैरव बाबा भी विराजमान हैं। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 02 स्थित मां दुर्गा समिति द्वारा भी मां दुर्गा की भव्य एवं आकर्षक मूर्ति स्थापित की गई है। समिति द्वारा आज महानवमी के पावन अवसर पर आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 13 नन्हीं बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायकों के निर्णय अनुसार प्रेक्षा साहू पिता आशु साहू ने प्रथम, नीतू पिता निलेश साहू ने द्वितीय तथा पीहू दुबे पिता बजरंगी दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं समिति द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाली बालिकाओं को 151-151 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया, वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली शेष 10 बालिकाओं को 51-51 रुपये का सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नाथू यादव सुधाराम साहू, रामजी साहू, बीसोहा साहू, राजकुमार चंद्राकर, घूरन यादव, मनीराम यादव, कलीराम यादव, जलीराम यादव, तिलक राम साहू, बहरोन साहू, मुखी राम साहू, खोमन दुबे, दिनेश चंद्राकर, ललित यादव, सुशील यादव, बल्लू साहू, पुजारी चंद्रहास यादव, कोमल साहू, प्रदीप यादव सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

शाही दशहरा उत्सव...



कवर्धा। दशहरा उत्सव में कवर्धा नगर में राजा योगेश्वर राज सिंह व युवराज मैकलेश्वर सिंह की निकली शाही सवारी

शस्त्र पूजन के पश्चात परंपरानुसार एसपी ने किया हर्ष फायर

विजयादशमी पर पुलिस प्रशासन ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में विजयदशमी के पावन अवसर पर न्यू पुलिस लाइन कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया गया। इस दौरान पंडित जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न कराया गया।

पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना करते हुए जिले में सुखद वातावरण, आपसी सौहार्द और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न होने के पश्चात विजयदशमी की परंपरा के अनुरूप हर्ष फायर किया गया। शस्त्र पूजन शक्ति, साहस, कर्तव्यनिष्ठा तथा समाज एवं राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों एवं जिलेवासियों को विजयदशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा सभी के सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

आयोजन में शामिल हुए जिला पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारी



इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आशीष शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रमिला मंडावी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्रीमती अपूर्वा क्षत्रिय, रक्षित निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक लालजी सिन्हा, थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक नितिन तिवारी, थाना प्रभारी पांडातराई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर सहित रक्षित केंद्र एवं जिले के अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शस्त्रपूजा में शामिल रहे। कबीरधाम जिला के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी कैंप में विधि विधान से शस्त्रपूजा किया गया।

छत्तीसगढ़ में सवर्ण आयोग के गठन की मांग, महासंघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ, छत्तीसगढ़ ने प्रदेश में सवर्ण आयोग के गठन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा है।

महासंघ ने ज्ञापन के माध्यम से सामान्य वर्ग के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों के समुचित विकास के लिए आवश्यक पहल करने की मांग की है। महासंघ के अनुसार, छत्तीसगढ़ की कुल आबादी में सवर्ण समाज की हिस्सेदारी लगभग 16 से 18 प्रतिशत है। इसके बावजूद समाज का एक बड़ा वर्ग आर्थिक तंगी और संसाधनों के अभाव से जूझ रहा है। संगठन ने बिहार सरकार द्वारा गठित राज्य उच्च जाति आयोग का उदाहरण देते हुए छत्तीसगढ़ में भी इसी तरह का आयोग बनाने की आवश्यकता जताई।



ज्ञापन में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आवासीय भूमि, विद्यार्थियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति, कौशल विकास कार्यक्रम तथा सरकारी नौकरियों में अधिकतम आयु सीमा में छूट जैसे विषयों पर विचार करने की मांग की गई है।

महासंघ ने स्वयं को सामाजिक समरसता, संवैधानिक मूल्यों और समान अवसर के लिए प्रतिबद्ध संगठन बताते हुए कहा कि सवर्ण समाज के सर्वांगीण विकास और हितों के संरक्षण के लिए आयोग का गठन महत्वपूर्ण कदम होगा। संगठन ने मुख्यमंत्री से इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।